**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**जो व्यक्ति अपने शरीर, वाणी, मन और इंद्रियों को नियंत्रित करता है वह अपने जीवन में प्रगति कर सकता है।**

-आचार्य महाश्रमण

NEXT™
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 24.0 | 10.0 |
| बीकानेर | 24.0 | 10.0 |
| जयपुर | 22.0 | 10.0 |


E- Paper NEXT 0030

newsexcellenttoday.com | 10 जनवरी 2025, शुक्रवार | पौष, शुक्ल पक्ष एकादशी - 2081

# श्रीडूंगरगढ़ में 1 महीने तक रहेगा जैन मुनियों का प्रवास

• स्वागत समारोह आयोजित हुआ

NEXT श्रीडूंगरगढ़ में अब एक महीने तक संत वाणी के द्वारा कस्बेवासी लाभान्वित होंगे। तेरापन्थ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि देवेंद्रकुमार और मुनि आर्जव कुमार फरवरी माह तक तेरापंथ भवन धोलिया नोहरा श्रीडूंगरगढ़ में प्रवास करेंगे। बुधवार को मुनिद्वय का तेरापन्थ धोलिया नोहरा में आगमन हुआ। मुनिद्वय के आगमन पर तेरापन्थ समाज द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।



मुनि देवेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि संसार में सबसे दुर्लभ मनुष्य जीवन है। आत्मा के शुभ कर्मों के उदय से मनुष्य जीवन प्राप्त होता है। मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो अपने अशुभ कर्मों का क्षय करके मोक्ष का वरण कर सकता है। मुनि आर्जव कुमार ने अपनी जन्मभूमि पर प्रवास को लेकर कहा कि आज के कार्यक्रम में स्वागत संतों के प्रवास का ही नहीं, गुरु कृपा का है। गुरु की कृपा से श्रीडूंगरगढ़ वासियों को यह सन्तों प्रवास मिला है।

स्वागत समारोह की शुरुआत उर्मिला गीया द्वारा मंगलाचरण से हुई। सभा मंत्री प्रदीप पुगलिया, तेयुप सहमंत्री मनीष पटावरी, तेरापंथ महिला मंडल ने सामूहिक गीतिका, ज्ञानशाला ज्ञानार्थी युवराज चोपड़ा, संसार पक्षीय परिजनों की ओर से मोहित गंग, संपत देवी मालू, सुमित बरड़ीया, मंजू बेगवानी,चैनरूप नाहटा, सीपीएस ट्रेनर गणेश बंब ने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

समारोह कार्यक्रम में सभा से उपाध्यक्ष दीपमाला डागा, कोषाध्यक्ष तोलाराम पुगलिया, अशोक बैद, महेंद्र मालू, जितेश मालू युवक परिषद से उपाध्यक्ष दीपक छाजेड़, मंत्री अमित बोथरा, महिला मंडल से अध्यक्ष सुनीता डागा, उपाध्यक्ष मंजू बोथरा, मंत्री संगीता बोथरा, संगठन मंत्री मंजू झाबक और समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सभा सहमंत्री अंबिका डागा ने किया।

# राजस्थान SI भर्ती परीक्षा-2021 रद्द नहीं होगी

## कोर्ट ने ट्रेनिंग और पोस्टिंग पर लगाई रोक

NEXT राजस्थान सरकार ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने से इनकार कर दिया है। गुरुवार (9 जनवरी) को राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने भर्ती से संबंधित किसी भी ट्रेनिंग या पोस्टिंग पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी 2025 को होगी।

**सरकार ने दिया जवाब**

सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कोर्ट में कहा कि पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। डमी उम्मीदवारों और नकल में शामिल करीब 40 ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार फिलहाल इस भर्ती को रद्द नहीं कर सकती।

इस मामले में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल ने कहा कि भर्ती को लेकर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ही ले सकते हैं। उनके इस जवाब ने खलबली पैदा कर दी है।

**जांच पर भी उठे सवाल**

इस विवाद में एसओजी की जांच पर भी सवाल खड़े हुए हैं। पहले गिरफ्तार किए गए 25 ट्रेनी को कुछ ही दिनों में जमानत मिल गई थी, जिससे जांच की प्रभावशीलता पर चर्चा हो रही है। अब इस पूरे मामले में कोर्ट का अगला निर्णय ही तय करेगा कि राजस्थान सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 का भविष्य क्या होगा?

# कुंभ मेले में सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाएं सराहनीय

NEXT प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के दौरान गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले के समूचे क्षेत्र का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने कुंभ क्षेत्र की सफाई, सुरक्षा और व्यवस्थाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री सतुआ महाराज के आश्रम में भी पहुंचे और संतों से संवाद किया।

# ग्राम पंचायत मोमासर में देशसेवकों का भव्य सम्मान समारोह



NEXT श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोमासर में देश सेवा में योगदान दे रहे युवाओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। उपसरपंच जुगराज संचेती ने बताया कि ऐसे नौजवान, जो सेना और सुरक्षा बलों में सेवाएं दे रहे हैं, का सम्मान करना गांव के लिए गर्व की बात है। यह अन्य युवाओं को प्रेरित करने वाला कदम है।

गांव से धर्मपाल बेरा (बीएसएफ), बनवारी लाल (बीएसएफ), बजरंग लाल मोरवाल (बीएसएफ), श्यामलाल बेरा (सीआईएसएफ), अमित शर्मा (सीआईएसएफ), बाबूलाल प्रजापत (सीआईएसएफ), अनिल शर्मा (सीआईएसएफ), जय श्री शर्मा (सीआईएसएफ), प्रभु राम (राजस्थान पुलिस) और रामप्रताप (एयरफोर्स) सहित अन्य युवाओं का ग्राम पंचायत द्वारा माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच जुगराज संचेती, गोपाल गोदारा, समेरा राम प्रजापत, मुनी राम सारण, बाबुलाल गर्ग, गौरीशंकर खटीक, भंवरलाल साहू, भागु राम प्रजापत, हरि चोटिया, मनफूल गोदारा, नानू नाई, आशाराम, सुखराम गोदारा सहित अनेक ग्रामीणजन एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# राजस्थान पुलिस: 179 निरीक्षकों के तबादले, बीकानेर रेंज में बड़ा फेरबदल, श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्रकुमार जोधपुर रेंज में

NEXT राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को बड़े स्तर पर विभागीय फेरबदल करते हुए 179 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किए। इसमें बीकानेर रेंज से 10 पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है, जबकि 11 नए अधिकारियों की तैनाती बीकानेर में की गई है।

इनमें श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्रकुमार को जोधपुर रेंज में भेजा गया है।

बीकानेर रेंज में जिन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है, उनमें मनोज मूंड, दिगपाल सिंह, रणजीत सिंह, सुभाष बिजारणिया, सुभाष चंद, हंसराज, विजय कुमार मीणा, गुरमेल सिंह, विजेन्द्र कुमार सीला, सुमन जयपाल, और रामकुमार के नाम शामिल हैं।

**बीकानेर से स्थानांतरित अधिकारी**

बीकानेर रेंज से जिन पुलिस निरीक्षकों का तबादला किया गया है, उनमें कृष्ण कुमार, विक्रम सिंह चौहान, कुलदीप सिंह, गोविंद लाल व्यास, कविता पुनिया, महेन्द्र दत्त शर्मा, इन्द्रकुमार, मनोज शर्मा, आनंद कुमार, और तोलाराम शामिल हैं।

पुलिस मुख्यालय ने बताया कि यह तबादले नियमित विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य प्रशासनिक कार्यक्षमता और क्षेत्रीय संतुलन को बेहतर बनाना है।

# रतनगढ़-बीकानेर के बीच पैसेंजर ट्रेन बंद, दैनिक यात्रियों में असंतोष

## दैनिक यात्री संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा

NEXT चूरू-रतनगढ़ के बीच रेलवे पटरियों के दोहरीकरण के चलते बीकानेर-रतनगढ़ के बीच चलने वाली सभी पैसेंजर गाड़ियों का संचालन एक माह के लिए बंद कर दिया गया है। इससे दैनिक यात्रियों, खासकर मजदूरों, विद्यार्थियों, छोटे व्यापारियों, दूध व सब्जी विक्रेताओं में भारी असंतोष है।

**ज्ञापन सौंपा गया**

दैनिक यात्री संघ के संयोजक कोडाराम भादू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त रेल मंडल प्रबंधक



(डीआरएम) से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रेलवे के दोहरीकरण कार्य के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन जारी है तो कम से कम एक पैसेंजर ट्रेन भी यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जानी चाहिए।

**अधिकारियों का आश्वासन**

अतिरिक्त डीआरएम ने कहा कि रतनगढ़ तक ट्रेन संचालन फिलहाल संभव नहीं है, लेकिन बीकानेर से राजलदेसर के बीच एक पैसेंजर ट्रेन चलाने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यालय से अतिरिक्त गाड़ी की मांग की जाएगी।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में कोडाराम भादू, सोहनलाल गंग, भंवरलाल सारण, पूसाराम सारण, विनोद, रामप्रताप समेत सदस्य शामिल थे।

# भोमियाजी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा: ध्रुव और विदुर चरित्र के प्रसंग सुनाए गए

NEXT क्षेत्र के कोटासर गांव स्थित भोमियाजी मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव और विदुर चरित्र की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान कथावाचक पंडित प्रकाश तिवाड़ी ने धैर्य, भक्ति और प्रेम का महत्त्व बताया।



ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित तिवाड़ी ने कहा कि की भक्ति के लिए उम्र बाधा नहीं है। बचपन में भक्ति का संस्कार देना आवश्यक है क्योंकि यह उम्र कच्ची मिट्टी की तरह होती है।

विदुर चरित्र के प्रसंग में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि भगवान प्रेम के भूखे होते हैं। विदुर-विदुरानी के सच्चे प्रेम ने भगवान को उनकी कुटिया तक खींच लिया।

कथा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति व प्रेम की शिक्षा लेकर भाव-विभोर हुए।

# राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के छठे दिन आयोजन

NEXT राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्त्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका कृतिका रंका ने स्वयंसेवकों को योग अभ्यास करवाया।द्वितीय सत्र में साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव पर मुख्य वक्ता एसआई संजू रानी बिश्नोई और प्रोग्रामर शिव कुमार वक्तव्य दिया। महिला स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष व्याख्यानतृतीय सत्र में डॉ. श्रद्धा ने महिला स्वास्थ्य और संतुलित आहार के महत्त्व पर प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में पोषण के महत्व को समझाने के लिए सलाद सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें लक्षिका मोदी ने प्रथम, अंशु ओझा और हितैषी शर्मा ने द्वितीय, तथा मिताली पुरोहित और मुस्कान पुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर के अंत में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. मंजू मीणा ने प्रेरित किया।कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद कुमारी और डॉ. हिमांशु कांडपाल के साथ अन्य संकाय सदस्य और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।